शिक्षा निदेशालय

मध्यावधि परीक्षा

अभ्यास प्रश्नपत्र

2026-27

कक्षा XII

विषय: इतिहास कोड: (027)

निर्धारित समय: 3 घंटे अधिकतम अंक: 80

सामान्य निर्देश:

निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए:

(i) इस प्रश्न पत्र में 34 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न पत्र पांच खंडों में विभाजित है - खंड क, ख, ग, घ और ङ।

(iii) खंड क - प्रश्न संख्या 1 से 21 तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

(iv) खंड ख - प्रश्न संख्या 22 से 27 लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 से 80 शब्दों में लिखें।

(v) खंड ग - प्रश्न संख्या 28 से 30 दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 8 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 300 से 350 शब्दों में लिखें।

(vi) खंड घ - प्रश्न संख्या 31 से 33 तीन उप -प्रश्नों वाले स्रोत-आधारित प्रश्न हैं. प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है।

(vii) खंड ङ - प्रश्न संख्या 34 मानचित्र-आधारित प्रश्न है जिसमें महत्वपूर्ण परीक्षण वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल है। यह प्रश्न 5 अंकों का है। मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें।

(viii) प्रश्न पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, खंड ख, ग, और घ में आंतरिक विकल्प क प्रावधान किया गया है। परीक्षार्थी को इनमें से किसी एक प्रश्न क उत्तर लिखना है।

(ix) इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अलग प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर सिर्फ दृष्टिबाधित परीक्षार्थी लिखें।

## खंड क

(बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न)

21x1=21

1. हड़प्पा संस्कृति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए। 1

   i. इसकी सबसे विशिष्ट विशेषता नगरीय केंद्रों का विकास था।

   ii. बस्तियाँ दो भागों में विभाजित थीं, अर्थात् दुर्ग (सिटाडेल) तथा नीचला शहर।

iii. जल निकासी व्यवस्था साधारण एवं अव्यवस्थित थी।
iv. सड़कें ग्रिड (जालीनुमा) योजना के अनुसार नहीं बनाई गई थीं।

विकल्प :

a. केवल (i) सही है।
b. केवल (i) और (ii) सही हैं।
c. केवल (ii) और (iii) सही हैं।
d. केवल (iii) और (iv) सही हैं।

2. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए : 1
हड़प्पा की मुहरें ______________ पत्थर से बनाई जाती थीं।
a. चर्ट
b. सेलखडी
c. सैंडल क्वर्न
d. करी स्टोन

3. हड़प्पा सभ्यता के स्थलों पर निम्नलिखित में से किस अनाज के अवशेष अपेक्षाकृत कम मात्रा में प्राप्त हुए हैं? 1
a. गेहूँ
b. जौ
c. चावल
d. मसूर

4. शक भारत में विश्व के किस भाग से आए थे? 1
a. मध्य एशिया
b. पूर्वी एशिया
c. दक्षिण एशिया
d. उत्तर-पूर्वी एशिया

5. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए : 1

जातक ग्रंथ ______________ भाषा में ईस्वी सन् की प्रथम सहस्राब्दी के मध्य के आसपास लिखे गए थे।

a. पाली

b. प्राकृत

c. संस्कृत

d. हिंदी

6. निर्देश : नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें अभिकथन (A) तथा कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। नीचे दिए गए कूटों के आधार पर सही उत्तर का चयन कीजिए। 1

अभिकथन (A): प्रारम्भिक बौद्ध एवं जैन ग्रंथों में अन्य बातों के साथ-साथ सोलह राज्यों का उल्लेख मिलता है, जिन्हें महाजनपद कहा गया है।

कारण (R): अधिकांश महाजनपदों पर राजाओं का शासन था, जबकि कुछ, जिन्हें गण या संघ कहा जाता था, कुलीनतंत्र (ओलिगार्की) द्वारा शासित थे।

(A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) और (R) दोनों सत्य हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(C) सत्य है, किन्तु (R) असत्य है।

(D) असत्य है, किन्तु (R) सत्य है।

7. तमिलकम में वर्तमान भारत के किन-किन राज्यों के भाग सम्मिलित थे? 1

i. आंध्र प्रदेश

ii. केरल

iii. तमिलनाडु

iv. कर्नाटक

विकल्प :

a. i और ii

b. ii और iii

c. i, ii और iii

d. i, ii, iii और iv

8. निम्नलिखित का मिलान कीजिए : 1

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. अंतर्विवाह (Endogamy) | 1. समूह के बाहर विवाह |
| b. बहिर्विवाह (Exogamy) | 2. समूह के भीतर विवाह |
| c. बहुपत्नीत्व (Polygyny) | 3. एक स्त्री का अनेक पतियों से विवाह करने की प्रथा |
| d. बहुपतित्व (Polyandry) | 4. एक पुरुष का अनेक पत्नियों से विवाह करने की प्रथा |

विकल्प :

i. a-2, b-1, c-4, d-3

ii. a-3, b-1, c-2, d-4

iii. a-3, b-4, c-1, d-2

iv. a-2, b-3, c-4, d-1

9. निम्नलिखित विशेषताओं के आधार पर सही वर्ण की पहचान कीजिए: 1

- वेदों का अध्ययन करना तथा उनका अध्यापन करना।
- यज्ञ करना तथा दूसरों से यज्ञ कराना।
- दान देना तथा दान ग्रहण करना।

a. ब्राह्मण

b. क्षत्रिय

c. वैश्य

d. शूद्र

11. दिए गए चित्र की पहचान कीजिए। 1



विकल्प :

a. पशुपतिनाथ मंदिर

b. कैलाशनाथ मंदिर

c. बैद्यनाथ मंदिर

d. एकलिंगजी मंदिर

12. किस बौद्ध ग्रंथ के अनुसार अशोक ने बुद्ध के अवशेषों के भाग प्रत्येक प्रमुख नगर में वितरित किए तथा उन पर स्तूपों के निर्माण का आदेश दिया था? 1

a. दीपवंश

b. महावंश

c. अशोकावदान

d. सुत्त पिटक

13. बर्नियर ने अपनी प्रमुख रचना किसे समर्पित की थी? 1

a. लुई ग्यारहवें (Louis XI)

b. लुई बारहवें (Louis XII)

c. लुई तेरहवें (Louis XIII)

d. लुई चौदहवें (Louis XIV)

14. एशियाई निरंकुशता (Oriental Despotism) की अवधारणा, जिसके अनुसार एशिया के शासक अपनी प्रजा पर पूर्ण अधिकार रखते थे, किसने विकसित की थी? 1

a. मोंतेस्क्यू

b. अबुल फ़ज़ल

c. बर्नियर

d. बारबोसा

15. इस्माइली समुदाय की किस शाखा ने स्थानीय साहित्यिक विधाओं के माध्यम से क़ुरआन से प्राप्त विचारों का प्रसार करने के लिए संचार के नए रूप विकसित किए? 1

a. खोजा

b. सुन्नी

c. गिनान

d. सिंधी

16. "गरीब नवाज़" के नाम से प्रसिद्ध सूफ़ी संत का नाम बताइए। 1

a. शेख फ़रीदुद्दीन

b. शेख निज़ामुद्दीन

c. ख़्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी

d. ख़्वाजा मुईनुद्दीन

17. वैदिक ग्रंथों के प्रसिद्ध भाष्यकार सायण को किस शासक वंश का संरक्षण प्राप्त था? 1

a. परमार शासक

b. सातवाहन शासक

c. वाकाटक शासक

d. विजयनगर शासक

18. हिरिया नहर (Hiriya Canal) का निर्माण किस राजवंश के शासकों द्वारा कराया गया था? 1

a. संगम

b. सालुव

c. तुलुव

d. अरविदु

19. मुगलकालीन इंडो-फ़ारसी स्रोतों में किसान के लिए सर्वाधिक प्रयुक्त शब्द कौन-सा था? 1

a. रैयत

b. रिआया

c. मुज़ारियान

d. उपर्युक्त सभी

20. किन कारकों के परिणामस्वरूप एशिया, विशेषकर भारत, का यूरोप के साथ व्यापार अत्यधिक विस्तृत हुआ? 1

a. भौगोलिक खोजों की समुद्री यात्राएँ

b. नई दुनिया (अमेरिका) का खुलना

c. स्थल मार्गों के सुदृढ़ एवं सक्रिय व्यापारिक नेटवर्क

d. उपर्युक्त सभी

21. निम्नलिखित जानकारी के आधार पर व्यक्ति की पहचान कीजिए: 1

- वह लगभग 1690 ई. में भारत आया था।
- उसने इस बात का सजीव विवरण प्रस्तुत किया है कि किस प्रकार चाँदी विश्व के विभिन्न भागों से होकर भारत पहुँचती थी।

a. बारबोसा

b. जियोवानी कैरेरी

c. निकोलो कॉन्टी

d. बर्नियर

## खंड ख

## (लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न)

6x3=18

22. 'छठी से चौथी शताब्दी ईसा पूर्व के बीच मगध सबसे शक्तिशाली महाजनपद बन गया था।' इस कथन की व्याख्या कीजिए। 3

अथवा

'छठी शताब्दी ईसा पूर्व को प्राचीन भारतीय इतिहास का एक महत्त्वपूर्ण मोड़ माना जाता है।' क्यों? कारण सहित स्पष्ट कीजिए।

23. 'हड़प्पा नगरों की सबसे विशिष्ट विशेषताओं में से एक उनकी सुव्यवस्थित जल निकासी व्यवस्था थी।' इस कथन का परीक्षण कीजिए। 3

24. भूमि स्वामित्व के प्रश्न के संदर्भ में यह क्यों कहा जाता है कि बर्नियर ने अत्यधिक सरलीकृत चित्र प्रस्तुत किया था? 3

25. 'देवी की उपासना के साथ प्रायः ऐसी पूजा-पद्धतियाँ भी जुड़ी थीं जिन्हें तांत्रिक परंपरा के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है।' इस कथन का विश्लेषण कीजिए। 3

26. विट्ठल मंदिर की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 3

27. मुगल काल में किसानों की स्थिति का वर्णन कीजिए। 3

अथवा

बाहरी शक्तियाँ वनों में क्यों प्रवेश करती थीं? कारण स्पष्ट कीजिए।

## खंड ग

### (दीर्घउत्तरीय प्रकार के प्रश्न)

3x8=24

28. वी. एस. सुक्थांकर के निर्देशन में प्रकाशित महाभारत के समालोचनात्मक संस्करण (Critical Edition) की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 8

अथवा

क्या प्रारम्भिक राज्यों के शासक सदैव क्षत्रिय ही होते थे? विवेचना कीजिए।

29. 'लिंगायतों ने जाति व्यवस्था तथा ब्राह्मणों द्वारा कुछ समूहों को 'अशुद्ध' मानने की धारणा को चुनौती दी।' इस कथन का विश्लेषण कीजिए। 8

अथवा

'खानकाह सामाजिक जीवन का केंद्र थी।' चिश्ती खानकाह के जीवन के संदर्भ में इस कथन की पुष्टि कीजिए।

30. 'पंद्रहवीं शताब्दी में फ़ारस के शासक द्वारा कालीकट भेजे गए राजदूत अब्दुर रज़्ज़ाक विजयनगर की किलेबंदी से अत्यधिक प्रभावित हुए थे।' इस कथन का मूल्यांकन कीजिए। 8

अथवा

अमर-नायक व्यवस्था विजयनगर साम्राज्य की एक प्रमुख राजनीतिक नवाचार थी। इस कथन का विश्लेषण कीजिए।

## खंड घ

### (स्त्रोत आधारित प्रश्न)

3x4=12

31. दिए गए स्रोत को पढ़िए और निचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

**प्रभावती गुप्त और दंगुन गाँव**

प्रभावती गुप्त ने अपने अभिलेख में यह कहा है:

प्रभावती ग्राम कुटुंबिनों (गाँव के गृहस्थ और कृषक), ब्राह्मणों, और दंगुन गाँव के अन्य वासियों को आदेश देती है ...

"आपको ज्ञात हो कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को धार्मिक पुण्य प्राप्ति के लिए इस ग्राम को जल अर्पण के साथ आचार्य चनालस्वामी को दान किया गया है। आपको इनके सभी आदेशों का पालन करना चाहिए।

एक *अग्रहार* के लिए उपयुक्त निम्नलिखित रियायतों का निर्देश भी देती हूँ। इस गाँव में पुलिस या सैनिक प्रवेश नहीं करेंगे। दौरे पर आने वाले शासकीय अधिकारियों को यह गाँव घास देने और आसन में प्रयुक्त होने वाली जानवरों की खाल और कोयला देने के दायित्व से मुक्त है। साथ ही वे मदिरा खरीदने और नमक हेतु खुदाई करने के राजसी अधिकार को कार्यान्वित किए जाने से मुक्त हैं। इस गाँव को खनिज-पदार्थ और *खदिर* वृक्ष के उत्पाद देने से भी छूट है। फूल और दूध देने से भी छूट है। इस गाँव का दान इसके भीतर की संपत्ति और बड़े-छोटे सभी करों सहित किया गया है।"

इस राज्यादेश को 13वें राज्य वर्ष में लिखा गया है और इसे चक्रदास ने उत्कीर्ण किया है।

31.1 इस ताम्रपत्र (चार्टर) को किसने लिखा था और यह कब लिखा गया था? 1

31.2 दंगुण (Danguna) ग्राम किसने और किसे दान में दिया था? 1

31.3 अग्रहार के रूप में आचार्य चानलस्वामी को कौन-कौन से अधिकार एवं कर-मुक्तियाँ (विशेषाधिकार) प्रदान की गई थीं? 2

32. दिए गए स्रोत को पढ़िए और निचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

### महल के बाहर की दुनिया

जैसे बुद्ध के उपदेशों को उनके शिष्यों ने संकलित किया वैसे ही महावीर के शिष्यों ने किया। अक्सर ये उपदेश कहानियों के रूप में प्रस्तुत किए जाते थे जो आम लोगों को आकर्षित करते थे। यह उदाहरण *उत्तराध्ययन सूत्र* नामक एक ग्रंथ से लिया गया है। इसमें कमलावती नामक एक महारानी अपने पति को संन्यास लेने के लिए समझा रही है :

अगर संपूर्ण विश्व और वहाँ के सभी खज़ाने तुम्हारे हो जाएँ तब भी तुम्हें संतोष नहीं होगा, न ही यह सारा कुछ तुम्हें बचा पाएगा। हे राजन्! जब तुम्हारी मृत्यु होगी और जब सारा धन पीछे छूट जाएगा तब सिर्फ धर्म ही, और कुछ भी नहीं, तुम्हारी रक्षा करेगा। जैसे एक चिड़िया पिंजरे से नफ़रत करती है वैसे ही मैं इस संसार से नफ़रत करती हूँ। मैं बाल-बच्चे को जन्म न देकर निष्काम भाव से, बिना लाभ की कामना से और बिना द्वेष के एक साध्वी की तरह जीवन बिताऊँगी...

जिन लोगों ने सुख का उपभोग करके उसे त्याग दिया है, वायु की तरह भ्रमण करते हैं, जहाँ मन करे स्वतंत्र उड़ते हुए पक्षियों की तरह जाते हैं...

इस विशाल राज्य का परित्याग करो... इंद्रिय सुखों से नाता तोड़ो, निष्काम अपरिग्रही बनो, तत्पश्चात तेजमय हो घोर तपस्या करो...

32.1 रानी कमलावती और उनके पति की यह कथा किस ग्रंथ से ली गई है? 1

32.2 रानी कमलावती ने अपने पति को क्या संदेश दिया? 1

32.3 रानी के अनुसार सच्ची स्वतंत्रता का स्वरूप क्या है? स्पष्ट कीजिए। 2

33. दिए गए स्रोत को पढ़िए और निचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 4

### जोगी के प्रति श्रद्धा

यह उद्धरण 1661-62 में औरंगज़ेब द्वारा एक जोगी को लिखे पत्र का अंश है :

बुलंद मकाम शिवमूरत गुरु आनंद नाथ जियो!
जनाब-ए-मुहतरम (श्रद्धेय) अमन और खुशी से हमेशा श्री शिव जियो की पनाह में रहें!
पोशाक के लिए वस्त्र और पच्चीस रुपए की रकम जो भेंट के तौर पर भेजी गई है आप तक पहुँचेगी... जनाब-ए-मुहतरम आप हमें लिख सकते हैं जब भी हमारी मदद की ज़रूरत हो।

32.3 यह पत्र किसने लिखा था और यह किसे संबोधित था? 1

32.4 यह पत्र औरंगज़ेब के धार्मिक व्यक्तियों के साथ संबंधों के बारे में क्या प्रकट करता है? 1

32.5 औरंगज़ेब ने जोगी की सहायता करने की अपनी तत्परता किस प्रकार व्यक्त की? 2

## खंड ङ

## (मानचित्र आधारित प्रश्न)

5x1=5

34.1 भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त चिन्हों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए: 3x1=3

i. हड़प्पा — हड़प्पा सभ्यता का एक प्रमुख स्थल।

ii. मगध — एक महाजनपद।

iii. साँची — एक बौद्ध स्थल।

अथवा

iii. अजंता — एक बौद्ध स्थल।


34.2 इसी मानचित्र पर A तथा B द्वारा विजयनगर साम्राज्य से संबंधित दो नगरों को दर्शाया गया है। उनकी पहचान कीजिए तथा उनके सही नाम उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए। 2

नोट: निम्नलिखित प्रश्न प्रश्न संख्या 34 के स्थान पर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए है।

5

34.1 किसी भी तीन परिपक्व हड़प्पा स्थलों के नाम लिखिए। 3

34.2 भारत के किसी भी दो बौद्ध स्थलों के नाम लिखिए। 2


INDIA
OUTLINE MAP WITH STATES
& UNION TERRITORIES
A
B